दिनांक 30 जनवरी 2021

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में विश्व कुष्ठ दिवस के अवसर पर मरीजों को कुष्ठ रोग के बारे में दी गई जानकारी

-विस्तृत जानकारी देने कुष्ठ रोग प्रभारी डॉ अनिल शुक्ला रहे उपस्थित

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है! स्वास्थ्य शिविर में आज विश्व कुष्ठ दिवस के अवसर पर निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की पहल पर इलाज कराने आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ अनिल शुक्ला द्वारा कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई! डॉक्टर शुक्ला ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है , इसका इलाज संभव है! कुष्ठ रोग एक मामूली बीमारी है जो कि लेप्रे बेसिलाई (मायकोबैक्टीरियम लेप्रे) जीवाणु से होता है! इसकी जांच एवं इलाज सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त में मिलता है! कुष्ठ रोग की शुरुआत में पहचान और जांच एवं पूरा इलाज करा लेना चाहिए! उन्होंने आगे बताया कि एमडीटी कुष्ठ की शर्तिया दवा है , जो कि सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है! वही डॉक्टर तृषा सिंह ने बताया कि चमड़ी के रंग से फीका एक या एक से ज्यादा दाग या धब्बे जिसमें सुन्नपन, सूखापन हो, पसीना न आता हो, खुजली, जलन, चुभन न होती हो, कुष्ठ हो सकता है!

जनसंपर्क अधिकारी